संख्या–1632 /33–3–2022

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायतीराज,
उत्तर प्रदश लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग–3 **लखनऊ दिनांकः 10 अगस्त, 2022**

विषय–14वें वित्त आयोग की निष्पादन अनुदान वर्ष 2016–17 के अन्तर्गत शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में ओ0डी0एफ0 प्लस के सतत तरीके से क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि प्रदेश के 12 जनपदों के 73 ग्राम पंचायतों को परफारमेन्स ग्राण्ट की 699 करोड़ रूपया उपलब्ध करायी जा रही है। इन ग्राम पंचायतों को ओ0डी0एफ0 प्लस की दृष्टि से मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इन सभी ग्राम पंचायतों को सतत तौर पर ओ0डी0एफ0 प्लस बनाने के लिए परियोजना तैयार करायी जाए और इसे परफारमेन्स ग्राण्ट फंड से वित्त पोषित कर लागू कराया जाए। इस विषय में पूर्व में भी ग्राम पंचायतों द्वारा क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र में प्रस्तुतीकरण के दौरान विचार–विमर्श के उपरान्त निर्देश दिये गये थे। परन्तु इस दिशा में समुचित कार्यवाही नहीं हो पायी है। जैसा कि ओ0डी0एफ0 प्लस के लिए चयनित 4000 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना तैयार करने की कार्यवाही की जा रही है। उसी प्रकार सम्बन्धित ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मी द्वारा मिलकर इन 73 ग्राम पंचायतों में परियोजना तैयार की जाए। ओ0डी0एफ0 प्लस के लिए आवश्यक ठोस अपशिष्ट, द्रव अपशिष्ट एवं प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट तथा जनरल स्वच्छता व ब्यूटीफिकेशन की परियोजना की–रिसोर्स सेण्टर, इण्डियन

Amit Sri.

डेवेलपमेन्ट सेन्टर (आई0डी0सी0), गौतमगुद्ध नगर, उ0प्र0 द्वारा तैयार कराने, अनुश्रवण करने व देख–रेख की कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए संस्था से प्रस्ताव प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाय।

भवदीय,

Manoj 10.8.22

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या व दिनांकः– तदैव।</u>

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सम्बन्धित जिलाधिकारी।
2. सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी।
3. सम्बन्धित जिला पंचायत राज अधिकारी।
4. अधिशाषी निदेशक, इण्डिया डेवलपमेन्ट सेन्टर, गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि परफारमेन्स ग्राण्ट हेतु चयनित 73 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विषय पर मॉडल ग्राम पंचायत विकसित किये जाने के लिए डी0पी0आर0 व क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रस्ताव उपलब्ध कराये।
5. सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं सचिव, पंचायत उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

Manoj

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

Amit Sri.